संख्या-599/2026/4315/नौ-5-2026/002-Com.No.-2095196

प्रेषक,

देवेश मिश्र,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबंध निदेशक,
उत्तर प्रदेश जल निगम(नगरीय),
लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ : दिनांक 14 अक्टूबर , 2026

विषयः- वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य सेक्टर के 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना के अन्तर्गत प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त की धनराशि अवमुक्त किये जाने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपुर्यक्त विषय के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में 'पेयजल हेतु व्यवस्था' योजना के अन्तर्गत संलग्न सूची में उल्लिखित कार्यो के अनुसार प्रदेश की निम्नलिखित 03 नगरीय निकायों में पेयजलापूर्ति से संबंधित कार्य हेतु कुल रू0 1374.52 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति एवं उसके सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में **रूपये 738.00 लाख (रूपये सात करोड़ अड़तीस लाख मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल महोदय निम्नांकित विवरण, शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशिरू०लाख में)

क्र0 सं0	जनपद का नाम	निकाय का नाम	आगणित धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली प्रस्तावित धनराशि
1	2	3	4	5
1	लखीमपुर-खीरी	नगर पंचायत, भीरा	109.87	55.00
2	कानपुर नगर	नगर निगम, कानपुर नगर	125.96	113.00
3	वाराणसी	नगर निगम, वाराणसी	1138.69	570.00
		महायोग-	**1374.52**	**738.00**

नियम व शर्ते / प्रतिबन्धों

(1) स्वीकृत की जा रही धनराशि प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम(नगरीय) तथा विशेष सचिव/संयुक्त सचिव, नगर विकास विभाग के प्रतिहस्ताक्षरयुक्त बिल प्रस्तुत करके कोषागार/भारतीय स्टेट बैंक से आहरित कर व्यय की जायेगी।

(2) नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

(3) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न ही वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है। कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो. इसकी पुष्टि कर ली जाय। स्वीकृत धनराशि का व्यवर्तन किसी भी दशा में नहीं किया जायेगा।

(4) कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी तथा उनके द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जायें।

(5) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।

(6) स्वीकृत धनराशि का कोई अंश पोस्ट आफिस/पीएलए में नहीं रखा जायेगा।

(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसगत प्रावधानों/समय समय पर निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(8) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जायेगा।

(9) प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही है. उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जायेगा। किसी भी दशा में धनराशि का व्यवर्तन अन्य किसी कार्य में नहीं किया जायेगा। सामग्री/उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

(10) निष्प्रयोज्य होने वाले उपकरणों/सामग्री से प्राप्त धनराशि राजकोष में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा।
(11) प्रायोजना का निर्माण कार्य ससमय में पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।
(12) कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत डिस्पले बोर्ड पर कार्य का पूर्ण विवरण कार्यदायी संस्था। कार्य प्रारम्भ होने कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
(13) स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र कार्यालय महालेखाकार उ०प्र० इलाहाबाद एवं निदेशक, स्थानीय निकाय/शासन को नियमानुसार संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
(14) विषयगत परियोजना अंतर्गत कराये जाने वाले कार्यों उ०प्र० जल निगम (नगरीय) द्वारा कराया जायेगा।
(15) यह आदेश वित्त (आय व्ययक अनुभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

2- इस संबंध में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन विभागों/उपक्रमों में तैनात वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/ लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चित करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो में किसी प्रकार का विचलन हो तो संबंधित वित्त नियंत्रक इत्यादि का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित तत्काल प्रशासकीय तथा वित्त विभाग को दी जायेगी।

3- इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 7,38,00,000 (रुपये सात करोड़ अड़तीस लाख मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 037 लेखा शीर्षक 2215011010600 पेयजल हेतु व्यवस्था मानक मद 35 पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या - 4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनांक- 28-मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव।

संख्या-599/2026/4315(1)/ नौ-5-2026/002-Com.No.-2095196, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज ।
2- महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उत्तर प्रदेश प्रयागराज ।
3- संबंधित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4- निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5- निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
6- संबंधित कोषाधिकारी।
7- निदेशक, सी०एण्ड डी०एस०, उ०प्र० जल निगम(नगरीय), लखनऊ।
8- परियोजना प्रबंधक, उ०प्र० जल निगम(नगरीय), लखनऊ।
9- अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, भीरा, जनपद-लखीमपुर-खीरी।
10- निजी सचिव, माननीय मंत्री जी, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
11- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ0प्र0 शासन।
12- गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।

आज्ञा से,

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव।

संख्या-599/2026/4315(2)/नौ-5-2026/002-Com.No-2095196, दिनांक 14 अक्टूबर, 2026

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0सं0	निकाय का नाम	कार्य का नाम	आगणित धनराशि	प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त की जाने वाली प्रस्तावित धनराशि
1	2	3	4	5
1	नगर पंचायत, भीरा, जनपद-लखीमपुर-खीरी	Estimate for Construction of 300mm x 200mm dia size of 165/150M New Tube Well at Nagar Panchayat Bheera, District-Lakhimpur	109.87	
		योग-	109.87	55.00
2	नगर निगम, कानपुर नगर	कानपुर नगर में स्टेट सेक्टर योजना के अंतर्गत सन्तोषी माँ द्वार सू फूलबाग जेड०पी०एस० तक (वाया खेरेपति मंदिर) पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य।	125.96	
		योग-	125.96	113.00
3	नगर निगम, वाराणसी	1- विधान सभा क्षेत्र शहर उत्तरी, वाराणसी के वार्ड रमरेपुर अन्तर्गत 05 स्थलों पर मिनी नलकूप, पाइप लाईन एवं तत्संबंधित कार्य।	568.49	
		2- विधान सभा क्षेत्र शिवपुर, वाराणसी के विभिन्न वार्डों के अन्तर्गत 05 स्थलों पर मिनी नलकूप, पाइप लाईन एवं तत्संबंधित कार्य।	570.20	
		योग-	1138.69	570.00
		महायोग-	1374.52	738.00

आज्ञा से,

Digitally signed by
DEVESH MISHRA
Date: 14-10-2026 15:19:02

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2026-2027
आवंटन दिनांक-14/10/2026

प्रेषण संख्या:- 599
आवंटन आदेश संख्या:- 001-599-2026-4315-9-5-2026-002-CN-2095196
अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2026-2027 का आवंटन)
लेखाशीर्षक:- 2215 - जल पूर्ति तथा सफाई(आयोजनेत्तर-मतदेय)
01 - जलपूर्ति
101 - शहरी जलपूर्ति कार्यक्रम
06 - पेयजल हेतु व्यवस्था

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	लखनऊ कलेक्ट्रेट -6015-- , --01--	वर्तमान प्रगामी	73800000 103523000	73800000 103523000
	योग	वर्तमान प्रगामी	73800000 103523000	73800000 103523000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया सात करोड़ अड़तीस लाख
महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया दस करोड़ पैंतीस लाख तेइस हजार

(देवेश मिश्र)
संयुक्त सचिव